# दिनांक 06.12.2013 की बोर्ड मिटिंग का रिर्पोट




दिनांक 06.12.2013 को सी0एस0आर0 की बोर्ड मिटिंग श्री मुकेश खरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । सर्व प्रथम बोर्ड की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत निदेशक (तकनीक एवं इ.एस.) ने किया । बैठक की शुरूआत में अध्यक्ष ने सी.एस.आर. एवं एस.डी. की बैठक में किन-किन मुद्दों पर चर्चा की जानी है उसके बारे में विस्तृत जानकारी ली । इसमें निदेशक ने सीएमपीडीआई में किये गये और भविष्य में किये जाने वाले कार्यो की जानकारी भी ली ।

सी.एस.आर. के नोडल अधिकाकरी (सी.एस.आर. एवं एस.डी.) ने वित्तीय वर्ष 2013-14 में अब तक किया गये कार्यो से अध्यक्ष को अवगत कराया । इसके पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा सभी क्षेत्रीय संस्थानों एवं मुख्यालय के कुछ कार्यो को बदलने एवं कुछ कार्यो को इस वर्ष से हटाने के लिये अनुरोध किया क्योकि इस वर्ष सी.एस.आर. एवं एस.डी. का बजट से अधीक कार्यो की अनुमति ली जा चुकि है बोर्ड ने नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया । बैठक समाप्ति के पश्चात निदेशक (टी/इ.एस.) ने नोडल अधिकारी एवं सी.एस.आर.एवं एस.डी. की टीम से मुकेश खरे,अध्यक्ष को नजदीक के गॉव एवं स्कूलों में जहॉ सी.एस.आर. एवं डस.डी; का कार्य किया जा रहा है वहॉ ले जाने के लिये निर्देश दिया ।



## सी.एस.आर. बोर्ड समिति के अध्यक्ष द्वारा गोन्दवाना प्राईमरी स्कूल का दौरा

सर्वप्रथम श्री मुकेश खरे,अध्यक्ष एवं सी.एस.आर.एवं एस.डी.टीम ने गोन्दवाना प्राईमरी स्कूल का निरीक्षण किया । स्कूल की प्रिसिंपल ने बताया की हमारे स्कूल में अधिकांश बच्चे गरीब है एवं आस-पास के गरीब बस्ती से यहॉ पढ़ने के लिये आते है । उन्होने बताया की सीएमपीडीआई द्वारा यहॉ सी.एस.आर. मद से काफी कार्य किया जाता है उन्होने बताया कि इस वर्ष भी हमारे 17 गरीब एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को सीएसमपीडीआई के सी.एस.आर.एवं एस.डी. द्वारा स्कूल फीस दिया गया इसके अतिरिक्त विभिन्न उत्सव जैसे स्वतंत्रता दिवस,खेल दिवस,वार्षिक दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर आर्थिक सहायता दी गई है ।






## सी.एस.आर. बोर्ड समिति के अध्यक्ष द्वारा बिरसा उच्च विद्यालय का दौरा

दिनांक 06.12.2013 को अध्यक्ष एवं सी.एस.आर.एवं एस.डी. टीम ने बिरसा उच्च विद्यालय का दौरा किया । स्कूल की प्रिसिंपल ने बताया कि बिरसा स्कूल में अधिकांश छात्र एवं छात्राऐं आस- पास के गॉव के गरीब आदिवासी है । उन्होनें सीएमपीडीआई द्वारा पिछले कुछ वर्षो से किये गये कार्यो के बारे में जानकारी दी एवं इस वर्ष सीएमपीडीआई द्वारा किन-किन गतिविधियों को किया जाना है, के बारे में भी सूचति किया । प्रिसिपल महोदया ने उस जगह से भी अवगत कराया जहॉ सीएमपीडीआई द्वारा निर्माण कार्य प्रगति पर है । उन्होने बताया कि इस वर्ष भी हमारे 35 गरीब एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को सीएसमपीडीआई के सी.एस.आर.एवं एस.डी. द्वारा स्कूल फीस दिया गया इसके अतिरिक्त विभिन्न उत्सव जैसे स्वतंत्रता दिवस,खेल दिवस, एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर आर्थिक सहायता दी गई है ।

स्कूलो का दौरा करने के पश्चात अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सीएमपीडीआई ने सी.एस.आर. में काफी अच्छा कार्य किया है ।